>

Title: Need to enhance the amount of pension payable under social security scheme to senior citizens and also include all the BPL families under the scheme in the country particularly in Sheohar parliamentary constituency, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): आज महंगाई की जो स्थिति है उसे ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले वृद्ध व्यक्तियों को दी जा रही सामाजिक पेंशन राशि में बढ़ोतरी की अत्यंत आवश्यकता है। आज सरकार 80 वÂ◌ाऩ के वृद्ध बी.पी.एल. नागरिकों को 500 रू0 की राशि मुहैया करा रही है। जबकि 60 वÂ◌ाऩ के सभी बी.पी.एल. नागरिकों को 500 रू0 की राशि दी जानी चाहिए थी। साथ ही विकलांग एवं विधवा महिला को इस योजना के लाभ के तहत नई राशि 500 रू0 निर्धारित कर दिया जाना चाहिए। क्योंकि, महंगाई के इस युग में सरकार द्वारा देय वर्तमान पेंशन राशि से अपना जीवन बसर करने में कुछ खास मदद नहीं मिल पाती , जिस कारण सरकार की इन योजनाओं की सार्थकता में कमी रह जाती है। अतः सरकार द्वारा विभिन्न सामाजिक पेंशन योजनाओं को अधिक कारगर बनाने हेतु इस ओर ध्यान देना आवश्यक है। मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के पूर्व चंपारण, सीतामढ़ी एवं शिवहर जिलों में ऐसे हजारों उदाहरण हैं जिसमें गरीबी रेखा से नीचे जीवन व्यतीत कर रहे नागरिक सामाजिक पेंशन योजनाओं से लाभान्वित होने से वंचित है। ऐसे परिवारों की पहचान कर एक नई सूची पूरे बिहार में तैयार करायी जाये जिससे उक्त पेंशन के योग्य लाभार्थियों की पहचान करने के साथ् इस कार्यक्रम से जोड़ा जा सके। तभी हम गरीबों के साथ न्याय कर पायेंगें।

अतः सरकार से अनुरोध है कि सामाजिक पेंशन योजनाओं में निर्धारित राशि 200 रूपये को बढ़ाकर 500 रूपये की जाये साथ ही सामाजिक पेंशन से वंचित गरीब परिवारों की नई सूची तैयार कर जोड़ा जाये जिससे गरीबों को समुचित लाभ मिल सकें।